रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 481] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अगस्त 22, 2019/श्रावण 31, 1941
No. 481] NEW DELHI, THURSDAY, AUGUST 22, 2019/ SHRAVANA 31, 1941

IndiaCode

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 अगस्त , 2019

सा.का.नि. 592(अ).—केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का नाम महात्मा गांधी की 150वी जयंती को मनाने के लिए एक सौ पचास रुपये का सिक्का निर्माण नियम, 2019 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. सिक्के का अंकित मूल्य.—"महात्मा गांधी की 150वी जयंती" के अवसर पर केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में केवल निम्नांकित मूल्यवर्ग के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा, नामत: एक सौ पचास रुपये।

3. सिक्के की विमाएं और संरचना.—नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :—

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पचास रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर शून्य	200	**शुद्ध रजत** रजत- 99.9 प्रतिशत

4. डिजाइन.—सिक्कों का डिजाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट किए अनुसार होगा।

5. मानक वजन तथा अनुमत छूट.—निम्नांकित मूल्यवर्ग के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात छूट वह होगी जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई है।

पहली अनुसूची

(नियम 4 देखें)

एक सौ पचास रुपये

अग्र भाग:

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक "₹" और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"150"** भी होगा ।

पृष्ठ भाग:

सिक्के के इस भाग में लाठी पकड़े हुए "महात्मा गांधी" का चित्र होगा। अंग्रेजी में "**YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA**" के उत्कीर्णन के साथ महात्मा गांधी द्वारा उपयोग में लाए गए प्रतिष्ठित लेखों में संख्या 150 को चित्र में अलग से दर्शाया जाएगा। सिक्के की ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में **"150TH BIRTH ANNIVERSARY OF MAHATMA GANDHI"** उत्कीर्णित होगा तथा इस उत्कीर्णन के नीचे देवनागरी लिपि में **"महात्मा गांधी की 150वी जयंती"** सिक्के पर लिखा होगा। सिक्के की संख्या 150 के ऊपर अंतरराष्ट्रीय संख्या में वर्ष में "1869-2019" अंकित होगा।

दूसरी अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुमत छूट	
		संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पचास रुपये	40 ग्राम	प्रति 1000 में रजत का 999 भाग। रजत अंश के लिए छूट 998.8 तथा उससे ऊपर होगी।	1/7500वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् वजन 39.995 ग्राम से 40.005 ग्राम के बीच हो सकता है।

[फा. सं. 02/05/2018–सिक्का]

प्रशांत गोयल, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 22nd August, 2019

G.S.R. 592(E).–In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement.–**(1) These rules may be called the Coinage of One Hundred Fifty Rupees Coin to commemorate the occasion of 150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of Coin.–**The coin of the denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion of **"150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi"** namely, One Hundred Fifty Rupees.

3. **Dimension and composition of coin.–**The coin of the above denomination mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

Denomination of the coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal Composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Fifty Rupees	Circular 44 millimeter	200	**Pure Silver** Silver - 99.9 per cent

4. **Design.–**The design of the coin shall be as specified in the First Schedule to these rules**.**

5. **Standard weight and remedy allowed.–**The Standard weight of the coin of following denomination and the remedy allowed in making of coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

First Schedule

(See rule 4)

1. <u>ONE HUNDRED FIFTY RUPEES</u>

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "**सत्यमेव जयते**" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "**भारत**" in Devnagri script and on the right periphery with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value **"150"** in International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of the coin shall bear the portrait of "Mahatma Gandhi" holding the hand carrying stick. A numeral 150 crafted from iconic articles used by Mahatma Gandhi along with inscription "YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA" in English is depicted besides the portrait. The inscription "150TH BIRTH ANNIVERSARY OF MAHATMA GANDHI" in English on top periphery and below that inscription "**महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती**" in Devnagri script are made on coin. The year "1869-2019" in international numeral shall be flanked above the numeral 150 of the coin.

Second Schedule

(See rule 5)

Denomination of coin	Standard Weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard Weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Fifty Rupees	40 Grams	999 parts of silver per 1000. The tolerance for Silver content shall be 998.8 and above.	1/7500th plus or minus that is to say weight could be 39.995 grams to 40.005 grams.

[F. No. 02/05/2018-Coin]

PRASHANT GOYAL, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2019.08.22 22:43:49 +05'30'